# कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
# जिला – दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ0ग0)

Phone No. – 07856-252280, Fax –252783 E-Mail ID – cmho.dantewada@gmail.com

क्रमांक / 3945 / मु.चि.अ. / डीएमएफ / भर्ती / 2026 दन्तेवाड़ा / दिनांक 19 / 06 / 2026

## —:: विज्ञप्ति ::—

कलेक्टर महोदय, जिला–दन्तेवाड़ा से प्राप्त अनुमोदन के परिपालन में जिला खनिज न्यास निधी (डीएमएफ) मद से स्वास्थ्य विभाग अन्तर्गत संचालित जिला चिकित्सालय एवं स्वास्थ्य संस्था में वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए स्वास्थ्य सेवाएं सुचारू रूप से संचालन हेतु शासन द्वारा स्वीकृत निम्नानुसार रिक्त पदों के विरूद्व कलेक्टर दर पर स्थानीय भर्ती की जावेगी, रिक्त पदों का विवरण निम्नानुसार है।

| क्र. | पद का नाम | साक्षात्कार दिनांक एवं संस्था कार्यालय का नाम | रिक्त पदों की संख्या | एकमुश्त वेतनमान | शैक्षणिक योग्यता |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | नर्सिंग ऑफिसर (ओ.टी.) | मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय दन्तेवाड़ा दिनांक :– 25 / 06 / 2026 | 06 | 25000 | B.SC. Nursing/Post B.Sc Nursing Passed and Live Registration in Chhattisgarh Nursing Registration Council with 3 Years Exprince OT atlist 500 Surgery Case |

**टीपः– आवेदक द्वारा निर्धारित प्रपत्र में सभी उल्लेखित दस्तावेजों को सलंग्न कर कॉलम नम्बर –03 में दर्शित साक्षात्कार दिनांक को कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दन्तेवाड़ा में 11.00 बजे से सांय 05.00 तक आवेदन प्राप्त किये जावेगें।**

## नियम एवं शर्ते :–

1. भर्ती जिला खनिज न्यास निधी (डीएमएफ) कलेक्टर दर पर मानव संसाधन की कमी की पूर्ति हेतु दन्तेवाड़ा जिला के स्थानीय योग्यताधारी बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराया जाना है। जिला स्तर से अभ्यार्थी नहीं मिलने की स्थिति में अन्य जिला के अभ्यार्थी को प्राथमिकता दिया जायेगा।
2. अभ्यर्थियों का चयन उनके शैक्षणिक अंको के प्रतिशत एवं अनुभव के आधार पर मेरिट सूची बनाकर किया जाएगा। समान प्रतिशत प्राप्त होने की स्थिति में संबंधित ग्राम / ग्राम पंचायत के स्थानीय निवासियों को प्रथम प्राथमिकता दी जाएगी। यदि उक्त ग्राम से पात्र अभ्यार्थी उपलब्ध नहीं होते है, तो अन्य विकासखण्ड अभ्यार्थी पर विचार किया जाएगा यदि विकासखण्ड स्तर पर अभ्यार्थी नहीं मिलने की स्थिति में अन्य जिला को मेरिट सूची एवं अनुभव के आधार पर चयन किया जायेगा।
3. एक से अधिक पदों हेतु भर्ती के इच्छुक उम्मीदवारों को प्रत्येक पद के लिये अलग–अलग आवेदन जमा करना होगा।
4. दिनांक 01.06.2026 के स्थिति में न्युनतम आयु 18 वर्ष तथा अधिकतम 40 वर्ष होना चाहिए। शासन द्वारा समय – समय पर आयु सीमा में दी गई छुट का प्रवाधान होगा।
5. अभ्यर्थी को उपस्थित होने के लिये किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।
6. पात्र / अपात्र व मेरिट सूची एवं चयन प्रक्रिया के पश्चात् परिणाम कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के सूचना पटल पर चस्पा किया जावेगा अथवा www.dantewada.govt.nic.in पर आवेदक स्वयं जानकारी प्राप्त कर सकते है, इसके पश्चात् कार्यालय द्वारा आवेदक को किसी प्रकार की सूचना नहीं मिलने का दावा अमान्य होगा।

7. प्रतीक्षा सूची वैद्यता 01 वर्ष की होगी इस समयावधि में स्वीकृत नये पद अथवा त्याग पत्र या किसी भी कारण से रिक्त होने वाले पदों को इसी प्रतीक्षा सूची से भरा जा सकेगा।
8. सभी नियुक्तियां संविदा आधार पर पूर्णतः अस्थाई व अस्थानांतरणीय होगी।
9. शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था में कार्यरत् अभ्यार्थी को उन संस्थाओं के नियोक्ता द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाना आवश्यक होगा, अन्यथा आवेदन विचारणीय नही होगा।
10. प्रशासकीय कारणों से अधिसूचित रिक्तयों में घटाया बढ़ाया जा सकता है। या निरस्त भी किया जा सकता है।
11. उक्त नियुक्तियां जिला स्तर पर गठित चयन समिति के माध्यम से किया जावेगा।
12. अपूर्ण अस्पष्ट एवं त्रुटि पूर्ण आवेदन पत्र के संबंध में उम्मीदवारों को कोई सूचना नही दी जावेगी। प्रत्येक आवेदकों को चाहिए की विज्ञापन में दिये गये दिशा निर्देशों तथा आवेदन पत्र में सभी जानकारी देखकर एवं सावधानी पूर्वक सही एवं पूर्ण जानकारी भरें। यदि आवेदन पत्र में किसी भी जानकारी अपूर्ण या त्रुटिपूर्ण दी जाती है तो अपूर्णता के आधार पर आवेदक को बिना पूर्व सूचना दिये आवेदन पत्र निरस्त किया जा सकेगा।
13. भर्ती प्रकिया के दौरान होने वाली की भी विवाद पर अंतिम निर्णय लेने का सर्व अधिकार कलेक्टर, जिला दन्तेवाड़ा एवं गठित चयन समिति, जिला– दन्तेवाड़ा का होगा।
14. आवेदक द्वारा नियुक्ति हेतु किसी प्रकार की सिफारीश या राजनितिक दबाव आदि अनैतिक हथकंडे दबाव बनाने पर आवेदक के विरूद्ध एक तरफा कार्यवाही कर आवेदन पत्र को निरस्त कर दिया जावेगा।
15. भर्ती प्रक्रिया में आवेदकों को उनके योग्यता के आधार पर पात्र/अपात्र करने का अधिकार चयन समिति को होगा।
16. अपराधि प्रवित्ति एवं कदाचरण व अन्य अनैतिक कार्य में लिप्त पाये गये आवेदक द्वारा आवेदन करने पर उनका आवेदन स्वतः निरस्त माना जावेगा।
17. विषय एवं प्रवर्गवार विज्ञापित पदों पर अंतिम चयन सूची निम्न आधार पर बनाई जावेगी–
    (क) शैक्षणिक योग्यता के 70% अंक
    (ख) अनुभव 10 प्रतिशत अंक (एक वर्ष हेतु 2 अंक अधिकतम 5 वर्ष हेतु 10 अंक)
    (ग) कौशल परीक्षा 20 अंक।

    अनुभव प्रमाण पत्र केवल शासकीय/अर्धशासकीय संस्थान (केन्द्र व छ.ग. शासन का उपक्रम) का ही मान्य होगा। (पद से संबंधित कार्यानुभव पर प्रति वर्ष 2 अंक के मान से अधिकतम 10 अंक तथा 1 प्रतिपूर्ण वर्ष के ही गणना की जावेगी।

**<u>आवेदन संबंधी आवश्यक दस्तावेजः–</u>**

1. 10 वीं की अंकसूची जन्मतिथी प्रमाण पत्र हेतु ।
2. निर्धारित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता प्रत्येक वर्ष प्रमाण पत्र।
3. निर्धारित वांछनीय शैक्षणिक योग्यता की अंकसूची।
4. छ.ग. आउंसिल का जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र जिन पदों हेतु लागु है सलंग्न करना अनिवार्य है।
5. दन्तेवाड़ा जिले के अभ्यार्थी को दन्तेवाड़ा का निवास प्रमाण पत्र।
6. दन्तेवाड़ा जिला का जीवित रोजगार पंजीयन अनिवार्य।
7. दन्तेवाड़ा जिला का स्थानीय निवासी होना चाहिए अनिवार्य।
8. पहचान पत्र (आधार कार्ड, वोटर आई.डी.,पासपोर्ट, पेनकार्ड)

**मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी**
**जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ0ग0)**

# —— आवेदन पत्र प्रारूप ——

प्रति,

| |
|---|
| आवेदक के पासपोर्ट साईज का फोटा अभिप्रमाणित कर चस्पा करें। |

**मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी,**
**जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा**

**आवेदित पद का नाम.............................................................**

1 आवेदक/आवेदिका का नाम (हिन्दी में) : ..........................................................................

(अंग्रेजी में) : ..........................................................................

2 पिता/पति का नाम :................................ ................................

3 जाति : ..........................................................................

4. जन्म तिथि : ..........................................................................

5. आयु दिनांक 01.07.2026 : वर्ष............................माह...............दिन.............

(प्रमाण पत्र/अंकसुची की सत्यापित प्रति संलग्न करें)

6. पत्र व्यवहार का पता : ..........................................................................

: ..........................................................................

7. स्थायी पता : ..........................................................................

: ..........................................................................

8 मो.नं. व ई–मेल आई.डी. :..........................................................................

9. लिंग (महिला/पुरूष) : ..........................................................................

10. क्या आवेदक छ.ग. राज्य का मूल निवासी है: ..........................................................................
यदि हां तो सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति संलग्न करें।

11. क्या आवेदक छ.ग. शासन द्वारा छ.ग. राज्य : ..........................................................................
के लिए घोषित अनुसूचित जाति/जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग का सदस्य है हां/नही
यदि हां तो समक्ष अधिकारी द्वारा जाति प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति संलग्न करें।

12. क्या आवेदक विकलांग है : ..........................................................................

13. शैक्षणिक योग्यता एवं तकनीकी योग्यता

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | संस्था/बोर्ड/ विष्वविद्यालय का नाम | उत्तीर्ण होने का वर्ष | प्राप्तांक/ पूर्णाक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | |
| 2 | | | | | |
| 3 | | | | | |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | | |
| 5 | | | | | |
| 6 | | | | | |
| 7 | | | | | |

14. क्या आवेदक शासकीय/अर्द्धषासकीय संस्थान में सेवारत् है? हां/नही यदि हां तो समक्ष अधिकारी द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र की उसत्यापित छायाप्रति संलग्न करें:–....................

15. क्या आवेदक/आवेदिका के विरूद्ध कोई दाण्डिक प्रकरण थाने /न्यायालय में अनुसंधान/ विचारण हेतु लंबित है अथवा किसी न्यायालय में निराकृत हो चुका है एवं निर्णय आदि की जानकारी स्पष्ट रूप से उल्लेख करें : ...............................................................

संलग्न प्रमाण पत्रों की सूची:–

1.......................................................................... 2 ..............................................................

3.......................................................................... 4 ..............................................................

5.......................................................................... 6 ..............................................................

7.......................................................................... 8 ..............................................................

**आवेदक/आवेदिका के हस्ताक्षर**

**पूरा नाम ........................................**

## घोषणा पत्र

मै एतद् द्वारा घोषणा करता/करती हूं कि मेरे द्वारा दिया गया उपर्युक्त विवरण सही है। यदि उपर्युक्त विवरण का कोई अंश असत्य पाया जाता है, तो नियुक्ति के पश्चात् भी सक्षम अधिकारी द्वारा मेरी उम्मीदवारी निरस्त किये जाने/सेवा समाप्त किये जाने अथवा किसी भी दण्ड, जो वह उचित समझे के लिये मैं उत्तरदायी रहूंगा/रहूंगी।

दिनांक ......................

स्थान .........................

**आवेदक/आवेदिका के हस्ताक्षर**

**पूरा नाम ........................................**